an>

Title: Need to take strict action against Anti-National elements in JNU.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा) : सभापति जी, मैं जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में गत दिनों से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के केन्द्र कुछ छात्रों को गिरफ्तार किया गया है और कुछ छात्र जमानत पर आये हैं। वे भी सेना को कलंकित करने का काम कर रहे हैं। इन छात्रों के समर्थन में वहां के शिक्षकों द्वारा भी काम किया जा रहा है। उनका शिक्षकों द्वारा समर्थन किया जा रहा है। ये छात्र प्रतिबन्धित माओवादी संगठन के सदस्य थे और परिवर्तित नाम लेकर के दूसरे संगठन के रूप में काम कर रहे हैं। ऐसे छात्रों का मस्तिष्क गन्दा करने का काम वहां के कुछ शिक्षक कर रहे हैं, जो माओवादी हिंसा के विचारों से प्रभावित शिक्षक हैं।

मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करूंगा कि ऐसे शिक्षकों की पहचान करा करके इन शिक्षकों पर कार्रवाई करने की कृपा की जाये। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Janardan Mishra.